**प्रेस नोट 18/09/2025**

**यूपीआई के माध्यम से अन्जान व्यक्ति के खाते में गलती से भेजी गयी धनराशि 136417.64 (एक लाख छत्तीस हजार चार सौ सतरह रुपये चौसठ ) रुपये थाना सरायलखन्सी साइबर पुलिस टीम द्वारा वापस कराया गया–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना सरायलखन्सी साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए यूपीआई के माध्यम से अन्जान व्यक्ति के खाते में गलती से भेजी गयी धनराशि 136417.64 (एक लाख छत्तीस हजार चार सौ सतरह रुपये) पीडित राम अवतार चौहान पुत्र रामलाल चौहान निवासी अमरहट थाना सरायलखंसी जनपद मऊ आवेदक के कुल धनराशि 136417.64 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक प्रयास कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना सरायलखन्सी के अधिकारी/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है।

**बरामदकर्ता पुलिस टीम–**

1. पंकज पाण्डेय
2. नोडल उ0नि0 नयन वर्णवाल
3. म0उ0नि0 कोमल कसौधन
4. क0 आ0 आशीष द्विवेदी
5. म0का0 शिखा तिवारी
6. का0 धर्मेन्द्र पुष्पाकर

**01 वांछित तथा 02 वारंण्टी अभियुक्त गिरफ्तार –**

पुलिस अधीक्षक श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध के चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण मे दिनाक 18.09.2025 को थाना ऱानीपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र / चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना रेलवे स्टेशन खुरहट के पास मु0अ0स0 164/25 धारा 69, 115(2), 351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त अखिलेश यादव पुत्र फूल बदन यादव निवासी सराय मक्खन वार्ड न0 9 थाना कोपागंज जनपद मऊ व वारंटी अभियुक्त लाल बहादुर सिंह पुत्र जयनाथ सिंह निवासी गोकुलपुरा थाना रानीपुर, थाना दक्षिण टोला पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त राजेश पुत्र अमरजीत निवासी निषाद नगर थाना दक्षिण टोला जनपदम मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत भटकी बालिका को परिजनों को किया गया सुपुर्द -**

उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व में श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद मऊ द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत भूली-भटकी महिलाओं/बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से थाना दोहरीघाट पर प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिहं की अध्यक्षता में गठित की गयी पुलिस टीम को आज दिनांकः18.09.2025 को प्रातः 05.50 बजे सूचना मिली कि एक लड़की रोडवेज बस अड्डा दोहरीघाट तथा चौहान चौके के बीच इधर उधर भटक रही है। सूचना मिलने के तुरन्त बाद प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह द्वारा मय पुलिस टीम के साथ मौके पर पँहुचकर उस लड़की को पुलिस सुरक्षा में लेकर थाना दोहरीघाट लाया गया। जिससे पूँछ ताँछ की गयी तो वह अपना नाम आलिया खातून पुत्री औसद अली निवासी रामपुर बेलौली बताई उसके परिजनों से सम्पर्क करने पर पता चला कि उसका नाम फरीदा पुत्री सौकत निवासी फरहीरामपुर थाना रामपुर बेलौली जनपद मऊ है वह मानसिक रूप से बिमार है वह अपने घर से नाराज होकर कही जा रही थी किसी साधन से दोहरीघाट में पहुँच गयी है। पूरा प्रकरण संज्ञान में आने पर प्रभारी निरीक्षक दोहरीघाट द्वारा लड़की के परिजनों को थाने पर बुलाकर मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के आलोक में नारी सुरक्षा सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए लड़की को उसकी माता सहाना खातून पत्नी सौकत अली निवासी रामपुर बेलौली थाना रामपुर बेलौली जनपद मऊ की सुपुर्दगी में सुपुर्द किया गया लड़की की माँ उसे अपनी सुपुर्दगी में लेकर सकुशल अपने घर को चली गयी पुलिस की इस कार्रवाई से महिला के परिजनों में पुलिस के प्रति काफी अच्छे भाव उधृत हो रहे थे, लड़की की माँ ने पुलिस की इस कार्रवाई के लिए जनपद मऊ पुलिस के लिए बार बार धन्यवाद एवं आभार प्रकट करते हुए कही कि आज पुलिस न होती तो मेरी लड़की न जाने कहाँ होती।